Title: Regarding coverage of Pradhan Mantri Crop-damage due to Frost.

श्री बृजेन्द्र सिंह (हिसार) : महोदय, जहां तक सरसों की फसल का सवाल है तो हरियाणा उसके उत्पादन में देश में दूसरे नंबर पर है, लेकिन जनवरी के माह में पाला पड़ने से सरसों की फसल और सब्जियों का भारी नुकसान हुआ है । तापमान जमाव बिंदु से कम होने के कारण सरसों, जो कि अत्यधिक संवेदनशील फसल है, उसके उत्पादन पर भारी प्रभाव पड़ा है । कृषि एवं विज्ञान कल्याण विभाग के स्थानीय कार्यालय द्वारा नुकसान के आकलन की रिपोर्ट के अनुसार भीषण सर्दी और पाला, पाला का मतलब है कि जब फसल के ऊपर बर्फ जैसी पर्त पड़ जाती है, उसके कारण सरसों की फसल को जो नुकसान हुआ है, वह करीब-करीब 50 प्रतिशत से अधिक है।

खासतौर पर इसका असर बरानी इलाके, जो असिंचित क्षेत्र है, उस पर बहुत ज्यादा पड़ा है । मैं सरकार का धन्यवाद करना चाहूंगा कि उन्होंने काफी एरिया में इसके लिए स्पेशल गिरदावरी एलाऊ की है ।

मैं आपके माध्यम से यह मुद्दा यहां उठाना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री फसल योजना में यदि जो फसल पाले से बर्बाद होती है, वह लोकलाइज्ड क्लैमिटी में इनक्लूड नहीं होती है । इसलिए मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि अत्यधिक सर्दी के कारण जब पाला जमता है, उसकी वजह से फसलों को नुकसान होता है, उसको भी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कवर किया जाना चाहिए, ताकि किसानों को इससे लाभ हो सके और उनके नुकसान की भरपाई हो सके ।